# Global Investors Summit: समटि से प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ रुपए के नविश लाने का लक्ष्य

## चर्चा में क्यों?

17 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सहि धामी ने दसिंबर में प्रस्तावति ग्लोबल इन्वेस्टर्स समटि को लेकर मुख्यमंत्री सलाहकार समूह बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समटि के लयि प्रदेश सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपए के नविश का लक्ष्य रखा है।

## प्रमुख बदिु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को हासलि करने के लयि समटि से पहले लगभग 25 हज़ार करोड़ रुपए के नविश को धरातल पर उतारने की प्रक्रयिा पूरी की जाएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में नविश के लयि प्रोत्साहति कयिा जा रहा है। इससे पहाड़ों में रोज़गार के साधन बढ़ने से पलायन भी रुकेगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग लगाने वाले के लयि कई वभिागों से अनुमति की फाइल रुकेगी नहीं। नविशकों को सभी अनुमतयिाँ देने के लयि समय-सीमा नर्धारति की जाएगी।
- बैठक में राज्य में औद्योगकि नविश और रोजगार को बढ़ावा देने, राज्य की आर्थकिी में वृद्धि के लयि कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। राज्य में नविश बढ़ाने के लयि और क्या बेहतर प्रयास कयि जा सकते हैं, इसके लयि औद्योगकि जगत से जुड़े लोगों से सुझाव लयि गए।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में नविश के लयि शांति व्यवस्था के साथ ही बेहतर मानव संसाधन भी उपलब्ध हैं। उन्होंने नविशकों से आग्रह कयिा कि उन्हें जनि-जनि क्षेत्रों में दक्ष मानव संसाधन की ज़रूरत है, वह बताई जाए। सरकार की ओर से ऐसे क्षेत्रों में युवाओं को देने प्रशक्षिण की पूरी व्यवस्थाएँ की जाएगी।
- सीएम ने कहा कि शीघ्र ही अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रयिल कॉरडिोर का काम शुरू होने वाला है। इस कॉरडिोर के बनने से उद्योगों को सुवधिा मलिगी।
- नर्यात को बढ़ावा देने के लयि स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में इंटीग्रेटेड कंटेनर डपिो स्थापति कयिा गया है। सरकार ने लॉजस्टिक्सि नीति लागू की है। इससे आधारभूत ढाँचे के वकिास में मदद मलिगी।
- इन्वेस्टर्स समटि को लेकर नविशकों ने कई सुझाव दयि, जसिमें नविश के लयि लैंडबैंक बनाने, जड़ी-बूटी की खेती को बढ़ावा देने, राज्य में संचालति उद्योगों का सर्वे करने, उत्तराखंड में रसिर्च सेंटर बनाने, चतिन व अध्यात्म के रूप में राज्य में नविश की योजना पर काम करने का सुझाव दयिा।




//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-investors-summit-target-to-bring-investment-of-rs-2-5-lakh-crore-from-the-summit